**TERM-1_EXAMINATION 2026-27**
HINDI (085) SET - 2
**MARKING SCHEME**

Class: IX | Max. Marks: 80
Date : 04.09.2026 | Time: 3.00 Hour

---

खण्ड – 'क' : अपठित गद्यांश (14 अंक)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

(1) (क) निजता — 1 अंक
(2) (घ) मकान में रहने वाले एक-दूसरे को नहीं जानते — 1 अंक
(3) (ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है। — 1 अंक
(4) आपसी लगाव और अपनापन दुर्लभ हो गया। — 2 अंक
(5) लेखक ने बताया है कि पहले लोग मिल-जुलकर रहते थे और सुख-दुःख में एक-दूसरे का साथ देते थे, जबकि आज लोग निजी स्वतंत्रता और धन के पीछे भागकर एक-दूसरे से दूर हो गए हैं। — 2 अंक

प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए -

(1) (ख) उधार के पैसों से — 1 अंक
(2) (ग) खराब मौसम — 1 अंक
(3) (क) किसानों की आत्महत्या की — 1 अंक
(4) खराब मौसम, अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से फसलें नष्ट हो जाती हैं। आर्थिक कठिनाइयों और निराशा के कारण किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो जाता है। — 2 अंक
(5) किसान को 'अन्नदाता' कहा जाता है, क्योंकि वह स्वयं कठिनाइयाँ सहकर भी दूसरों के लिए अन्न उगाता है और लोगों का पेट भरता है। — 2 अंक

खण्ड – 'ख' : व्याकरण (16 अङ्क)

प्रश्न 3. निर्देशानुसार पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (6 अंक)

(1) जब शब्द वाक्य में प्रयुक्त होकर किसी अन्य शब्द से संबंध स्थापित करता है, तब वह पद बन जाता है। — 1 अंक
(2) पद के दो भेद होते हैं— विकारी पद और अविकारी पद। — 1 अंक
(3) जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण — लड़का / पुस्तक / नदी। — 1 अंक
(4) भाववाचक संज्ञा का उदाहरण — सुंदरता / बचपन / मिठास। — 1 अंक
(5) जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। — 1 अंक
(6) अनिश्चयवाचक सर्वनाम का उदाहरण — कोई / कुछ / किसी। — 1 अंक

प्रश्न 4. उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (4 अंक)

(1) 'प्र' उपसर्ग से दो शब्द — प्रहार, प्रगति। अन्य उचित शब्द भी स्वीकार्य। -1 अंक
(2) प्रख्यात = प्र + ख्यात — 1 अंक
(3) लुहारिन = लुहार + इन — 1 अंक
(4) 'ईय' प्रत्यय से दो शब्द — राष्ट्रीय, भारतीय। अन्य उचित शब्द भी स्वीकार्य। — 1 अंक

प्रश्न 5. निपात एवं समानार्थी शब्द पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (4 अंक)

(1) 'भी' निपात के दो उचित वाक्य। प्रत्येक सही वाक्य — ½ अंक।
उदाहरण — राम भी गया। सीता भी आई। — 1 अंक
(2) राम भी मुंबई जाएगा। — 1 अंक
(3) कपड़ा — वस्त्र, परिधान। अन्य उचित पर्यायवाची भी स्वीकार्य। — 1 अंक
(4) तालाब — सरोवर, जलाशय। अन्य उचित पर्यायवाची भी स्वीकार्य। — 1 अंक

प्रश्न 6. वाक्य पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (2 अंक)

(1) क्या मेरी बहन आई है? — 1 अंक

(2) संभवतः कल वर्षा हो। — संदेहवाचक वाक्य। — 1 अंक

खंड – 'ग' : पाठ्यपुस्तक (30 अङ्क)

प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए - (5 अंक)

1. (ख) आर्थिक चिंता — 1 अंक
2. (ग) अतिथि का सम्मान करने और अच्छी मेहमाननवाजी की छाप छोड़ने के लिए — 1 अंक
3. (ख) अतिथि अगले दिन रेल से चले जाएँगे। — 1 अंक
4. (ख) अतिथि के लंबे समय तक ठहरने से होने वाली परेशानी की — 1 अंक
5. (घ) कथन(A)तथा कारण(R)दोनों सही हैं तथा कारण (R),कथन(A)की सही ... 1 अंक

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए- (3 × 2 = 6 अंक)

1. लेखक बुढ़िया के दुःख से अधिक दुखी हुआ, क्योंकि वह गरीबी और सामाजिक उपेक्षा के कारण अत्यंत कष्ट में थी। अंक — 2
2. हिमपात के कारण रास्ते ढक जाते हैं, अत्यधिक ठंड पड़ती है, मार्ग पहचानना कठिन हो जाता है और पर्वतारोहियों को आगे बढ़ने में कठिनाई होती है। अंक — 2
3. बचेंद्री पाल ईश्वर में आस्था रखती थीं। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने ईश्वर पर विश्वास बनाए रखा और साहसपूर्वक पर्वतारोहण करती रहीं। अंक — 2
4. लालाजी के अनुसार बुढ़िया के खरबूजे खा लेने से धर्म भ्रष्ट होने सुटक लगाने और परमार्थ बिगड़ने की आशंका थी अंक — 2

प्रश्न 9. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए - (5 अंक)

1. (क) अपने भीतर उमड़ते विरह-भाव के कारण।
2. (ख) मन की पीड़ा व्यक्त करके राहत पाना।
3. (ख) वह अपनी भावनाओं को स्वर देकर व्यक्त नहीं कर सकता।
4. (क) अपने अनुभवों और भावनाओं को व्यक्त करने की इच्छा।
5. (घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए - (3 × 2 = 6 अंक)

1. रैदास अपने प्रभु के प्रति अनन्य प्रेम और समर्पण की भावना व्यक्त करते हैं। वे स्वयं को प्रभु पर पूर्णतः आश्रित मानते हैं और प्रभु को अपना सर्वस्व मानते हैं। अंक — 2
2. रैदास ने अपने प्रभु को लाल, गोविंद, मुकुंद, हरि और राम आदि नामों से पुकारा है। इन नामों से उनकी गहरी भक्ति-भावना प्रकट होती है। अंक — 2
3. जल के बिना कमल मुरझा जाता है। सूर्य की गर्मी उसे और सुखा देती है। इसलिए जलहीन कमल की रक्षा सूर्य भी नहीं कर सकते। अंक — 2
4. रहीम के अनुसार प्रेम का संबंध अत्यंत कोमल होता है। एक बार टूट जाने पर उसमें पहले जैसी सहजता नहीं रहती, इसलिए प्रेम का संबंध नहीं तोड़ना चाहिए। अंक — 2

प्रश्न 11. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 40–50 शब्दों में लिखिए- (2 × 4 = 8 अंक)

1. 'स्मृति' पाठ में लेखक ने कठिन परिस्थिति में कुएँ में उतरकर गेंद निकालने का साहस किया। साँप की उपस्थिति के बावजूद उन्होंने धैर्य और सूझ-बूझ से काम लिया। इससे सिद्ध होता है कि साहस और आत्मविश्वास से कठिन कार्य भी सफल हो सकते हैं। अंक — 4
2. गिल्लू अत्यंत चंचल, संवेदनशील, समझदार और स्नेही था। वह लेखिका के पास बैठता, उनके साथ अपनापन दिखाता तथा उनकी गतिविधियों को ध्यान से देखता था। उसका व्यवहार उसकी संवेदनशीलता और लगाव को प्रकट करता था। अंक — 4
3. 'चक्षुश्रवा' उस जीव/सर्प के लिए प्रयुक्त शब्द है जो आँखों से सुनने वाला माना गया है। 'स्मृति' पाठ में लेखक ने साँप के प्रसंग के माध्यम से इस शब्द का उल्लेख किया है। अंक — 4

खंड – 'घ' : रचना खंड (20 अङ्क)

प्रश्न 12. निम्न संकेत-बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर 100–120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (5 अंक)

1. भूमिका एवं विषय की समझ — 1 अंक
2. संकेत-बिंदुओं का उचित समावेश — 2 अंक
3. विषय का विस्तार एवं क्रमबद्धता — 1 अंक
4. भाषा, व्याकरण एवं वर्तनी — 1 अंक

प्रश्न 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में पत्र लिखिए - (5 अंक)

1. पत्र का प्रारूप — 1 अंक
2. विषयानुकूल मुख्य सामग्री — 2 अंक
3. विचारों की क्रमबद्धता एवं पूर्णता — 1 अंक
4. भाषा, व्याकरण एवं वर्तनी — 1 अंक

प्रश्न 14. दी गई परिस्थितियों के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए - (5 अंक)

1. संवाद का उचित प्रारूप — 1 अंक
2. विषयानुकूल मुख्य सामग्री — 2 अंक
3. संवादों की स्वाभाविकता एवं क्रमबद्धता — 1 अंक
4. भाषा एवं व्याकरण — 1 अंक

प्रश्न 15. नीचे दिए गए चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य/घटना का वर्णन लगभग 80–100 शब्दों में कीजिए - (5 अंक)

1. चित्र की पहचान एवं कल्पना — 1 अंक
2. चित्र में दिखाई देने वाले प्रमुख दृश्य/घटनाओं का वर्णन — 2 अंक
3. क्रमबद्ध एवं प्रभावी अभिव्यक्ति — 1 अंक
4. भाषा, व्याकरण एवं वर्तनी — 1 अंक

============================== समाप्त ==============================